तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026



12 सर्वर डाउन होने से नहर निर्माण रूका, श्रमिक बिना काम किए लौटे



11 परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याण क महोत्सव...






## खबर संक्षेप

### युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा आमापरा निवासी 23 वर्षीय युवक संजय भुआर्या ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक परिवार का इकलौता पुत्र था। वह अपनी मां के साथ रहता था। तीन बहनों की शादी हो गयी है। मिली जानकारी अनुसार मृतक रोजी मजदूरी का काम करता था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही था, घटना की जानकारी मिलने पर परिजन राजहरा थाना मर्ग की सूचना दी। पुलिस कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम कर शव मिलने की आस लगाए थे। किंतु पुलिस प्रशासन के द्वारा सूचना मिलने के बाद भी विलम्ब किये जाने से मृतक के शव को उतारते ही शाम हो गयी थी। अंततः शव का पोस्टमार्टम नही हो पाया, मृतक के शव को बी एस पी अस्पताल के मर्चुरी में रखा गया है। कल शव का पोस्टमार्टम होगा। ग्रामीणों में पुलिस विभाग द्वारा मर्ग सूचना के बाद भी विलम्ब करने का आरोप लगाते हुआ कहा की समय पर पुलिस शव का पंचनामा करने पहुंचती तो मृतक का पोस्टमार्टम आज हो जाता और अंतिम संस्कार आज ही हो जाता।

### ग्राम बोरवाय में दो दिनी फाग प्रतियोगिता का शुभारंभ



**जामगांव आर।** ग्राम बोरवाय में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का उदघाटन छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के हाथों हुआ। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन ने किया। मुख्य अतिथि डॉ गुलाब साहू, नीरज सिन्हा, अजय वर्मा, दयारम चंद्राकर, महेश चंद्राकर, केश लाल साहू, नेत राम यदु, रूप लाल साहू, भेल चंद्राकर, संतोष साहू, लव साहू, अमरनाथ साहू, सुरेश साहू, दुलार यादव, हर प्रसाद साहू, राजू यदु, लोकेश चंद्राकर, पेमन गुरूपरख, लेकेश्वर साहू, भूपेंद्र यादव, तामेश्वर साहू, रूप राम देवांगन, रेवा प्रसाद यदु, ढाल सिंह साहू धमना एवं बोल बम जस एवं फाग मंडली राधा कृष्ण मंदिर बोरवाय सहित समाजसेवी उपस्थित थे।

### चावल के ढेर में दबने से महिला की मौत

**बालोद।** राईस मिल में काम करने वाली महिला का चावल की ढेर में दबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्हारखान में एक राईस में महिला केसर बाई चावल का ढेर ईकठ्ठा होने वाले मशीन को देखने गई थी, जहां महिला केसर बाई स्वयं उस चावल के ढेर के इकठ्ठा होने वाले मशीन में गिर गई तथा जब नीचे के मजदूरो को चावल मशीन के माध्यम से कम आता दिखा तो वे उस इकठ्ठा होने वाले मशीन को देखे जहां महिला चावल के ढेर में दबती जा रही थी इस दौरान अन्य मजदूरो द्वारा महिला को बचाने का प्रयास किया गया लेकिन लगातार मशीन में चावल आने तथा चावल के ढेऱ में दबने से महिला की मृत्यु हो गई। जिसके बाद शव का पीएम करने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया।

### तेज रफ्तार कार की ठोकर से तीन घायल, एक गंभीर

**बालोद।** तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही मोटर साईकिल व कार को ठोकर मार दी, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया तथा दो को मामूली चोटे आई है। मिली जानकारी के अनुसार एनएच 930 पर ग्राम भरदा के पास एक सफेद रंग की कार जो चौरेल से गुरूर की ओर जा रही थी, जिसने गुरूर की ओर से आ रही मोटर साईकिल को ठोकर मार दी, जिसको ठोकर मारने के बाद कार चालक ने सामने से आ रही एक अन्य कार को भी ठोकर मार दी। जिसके बाद राहगिरो द्वारा मौके में पहुंचकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

# धान की अंतर राशि से बाजार में लौटी रौनक, होली की खरीदी से गुलजार हुआ बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कुछ दिनो पहले सुने पड़े बाजार में सरकार द्वारा किसानों के खाते में बोनस राशि डालते ही रौनकता लौट आई, जहां लोग होली के त्यौहारों के सामानो के साथ दैनिक उपयोग के सामानो की खरीदी करने बड़ी संख्या में बाजार पहुचते दिख रहे है।

फरवरी माह के अंतिम दिन सरकार द्वारा किसानों को प्रदान किए गए बोनस राशि का असर बाजार मे देखने को मिल रहा है, जहां बाजार के साथ लोगो के चेहरे गुलजार नजर आ रहा है, इस होली के त्यौहार को यादगार बनाने के लिए होली के सामानो की खरीदी करने के लिए दुकानो में पहुंच रहे है। जहां सामान खरीदने पहुंचे लोगो ने बताया कि सरकार द्वारा त्यौहार के पहले दिए गए बोनस राशि से वे अपने दैनिक जरूरतो के खाद्य सामग्री से लेकर, होली के त्यौहार से संबंधित सामानो की खरीदी कर रहे है। इस दौरान लोगों ने बताया कि वे पहले त्यौहारो के अवसर पर बजट के हिसाब से ही सामानो को खरीदने पर मजबूर रहते थे, लेकिन इस बार सरकार द्वारा लोगो की होली को और रंगीन करने के लिए त्यौहार से पहले ही किसानो के खाते में पैसे डाल दिए। जिसके कारण आम जनता की होली और रंगीन व यादगार होने वाली है।

## दैनिक उपयोग से लेकर होली सामान तक की जमकर बिक्री



### व्यापारी खुश

व्यापारियो ने बताया कि सरकार द्वारा त्यौहार से पहले किसानो के खाते में डाले गए राशि के बाद से ही बाजार में रौनकता देखने को मिल रही है। जहां सरकार द्वारा प्रदान किए गए राशि से पहले लोग कम मात्र में सामान की खरीदी कर रहे थे लेकिन सरकार द्वारा त्यौहार से पहले ही राशि देने के कारण जो छोटा तेल डब्बा ले जाते थे वे तेल टीपा खरीद रहे है।

## बैठक : समय-सीमा के प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर

# जिपं सीईओ ने की समीक्षा बैठक और अधिकारियों को मुस्तैद रहने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित
- शांतिपूर्ण होली आयोजन के लिए प्रशासन अलर्ट

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने प्रेम, भाईचारा, आपसी सद्भावना एवं रंगों का पर्व होली त्यौहार का बालोद जिले में निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चंद्रवंशी संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिले में होली त्योहार बिना किसी अवरोध के सफलतापूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिससे कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार के अप्रिय स्थिति निर्मित होने के पूर्व उसकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। बैठक में चंद्रवंशी ने समय–सीमा के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को समय–सीमा के प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चंद्रवंशी ने बैठक में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। चंद्रवंशी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविरों में आम जनता से प्राप्त शिविरों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित की जाए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में शामिल सभी ग्रामों को सूचीबद्ध कर संबंधित ग्रामों के प्रमुख मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चंद्रवंशी ने जनसमस्या निवारण शिविरों में राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा आदि समस्याओं का अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने 13 मार्च को बालोद विकासखण्ड के ग्राम पोण्डी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ▶▶| शेष पेज 11 पर





### समुचित मात्र में पेयजल की उपलब्धता

उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय तथा जल संसाधन सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर समुचित मात्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे कि आम नागरिकों को पेयजल से संबंधित किसी प्रकार के समस्याओं से जुझना न पड़े। बैठक में उन्होंने जिले के शत प्रतिशत शालाओं में कन्या शौचालयों के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को 08 मार्च तक इसकी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। चंद्रवंशी ने जिले के शासकीय चिकित्सालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से अपने–अपने अनुविभागों के चिकित्सालयों में जीवनदीप समिति की बैठक भी आयोजित करने के निर्देश दिए।

# नाबालिग से गैंगरेप तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- युवकों ने वीडियो बनाकर किया दुष्कर्म

जिले में होली पर्व से पहले एक नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है, घूमाने के बहाने पीड़िता को नाबालिग अपनी बाइक से रजहि डैम के पास लेकर गया, जहां उसने गलत काम किया। इसी दौरान वहां पहुंचे दो हैवानों ने भी वीडियो बनाकर नाबालिग से दुष्कर्म को अंजाम दिया। पूरा मामला दल्लीराजहरा क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार पीड़िता रविवार को अपने परिचित नाबालिग के साथ बाइक से रजहि डैम घूमने गई थी, मौके पर पहुंचते ही आरोपी की नीयत बिगड़ गई और उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया, दो ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए, उन्होंने पहले वीडियो बनाया, फिर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया।

घर लौटने के बाद बालिका ने अपने माता–पिता को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां ने रविवार को दल्ली राजहरा थाना में शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर मामला दर्ज किया। पुलिस ने वारदात में शामिल नाबालिग को पकड़ लिया है। वहीं दो आरोपियों की भी गिरफ्तारी कर ली है। आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मामला दर्ज

पुलिस ने बताया कि दल्लीराजहरा थाना इलाके में रजहि डैम का मामला है। रविवार को पीड़ित की मां ने लिखित आवेदन पेश किया कि उनकी नाबालिग बेटी को नाबालिग रजहि डैम के पास लेकर गया, जहां उसके साथ गलत काम किया गया। इसी दौरान रजहि गांव के ही दो लोगों ने भी दुष्कर्म किया है, मामले में 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है, आरोपियों को कोर्ट पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत पर भेज दिया गया है।

# पशु औषधालय के कर्मचारी खेवेन्द्र को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बिना सूचना के ड्यूटी पर रहे अनुपस्थित

जिले के पशुधन विकास विभाग अंतर्गत पशु औषाधालय आमाडुला में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी खेवेन्द्र कुमार निषाद परिचारक को लंबे समय से अनाधिकृत रूप से ड्यूटी में अनुपस्थित होने के कारण अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाये ने बताया कि संबंधित कर्मचारी 03 नवंबर 2025 से आज दिनाँक तक बिना किसी पूर्व सूचना के शासकीय सेवा से अनुपस्थित हैं। इससे पूर्व भी वे 04 नवंबर 2024 से 17 सितंबर 2025 तक अनुपस्थित थे, जिस पर विभाग द्वारा समय–समय पर नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 2026 को आयोजित विभागीय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्रें के माध्यम से अंतिम सूचना प्रकाशित की गई है। संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया गया है कि वे 01 माह के भीतर अनुपस्थिति का ठोस कारण बताते हुए कार्य पर उपस्थित हों।

समयावधि में उपस्थित नहीं होने पर छ.ग. सिविल सेवा, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के प्रावधानों के तहत उनके विरुद्ध एक तरफा कार्रवाई की जाएगी।

# 13 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राय सायकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जनदर्शन में रखी गई थी मांग, सीईओ ने किया वितरण

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कलेक्टर जनदर्शन में चलने–फिरने में हो रही असुविधा के कारण ट्राय सायकल की मांग लेकर पहुँचे 13 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान किया।

इस दौरान ग्राम रेंघई के दिव्यांग जीवनलाल, ग्राम कुम्हली के दिलीप कुमार, ग्राम केलाबाड़ी के गजानंद साहू, दल्लीराजहरा के संजू विश्वकर्मा, खेमिन, सावित्री साहू, लीला साहू, ग्राम बघमरा के झमित पटेल, ग्राम सोंहपुर की लता साहू, ग्राम परसाडीह के मुकेश कुमार, ग्राम सिवनी के हिरमोतिन निषाद, ग्राम सिकोसा के पीला साहू एवं ग्राम खुंटेरी के पुसऊराम साहू को बैटरी चलित ट्राय साइकल प्रदान किया। इस दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने दिव्यांगजनों से उनका कुशलक्षेम पूछा और नया ट्राय सायकल मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। दिव्यांगनजनों ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जनदर्शन में पहुंचने वाले लोगों के समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला प्रशासन की बेहतर व्यवस्था की सराहना की।



# उड़नदस्ते ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

बालोद। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं के मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा, सेजेस नया बाजार दल्ली राजहरा, सेजेस खलारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कक्षा 12वीं का गणित विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया था। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय लेख राम साहू, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य एवं आदिला खान शामिल रहे।

## शिक्षा और आधुनिक हुनर से समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान

# लोहार समाज के सम्मेलन में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- समाज की एकजुटता के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहभागिता

विश्वकर्मा झरिया लोहार समाज का एक दिवसीय जिला स्तरीय महा सम्मेलन व विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज में लड़कियों में अधिक पढ़ाई कर लेने से लड़कों को शादी ब्याह में बड़ी परेशानी सहित अन्य सामाजिक चुनौतियों को देखते हुए समाज ने बेटा पढ़ाओ और बेटा बचाव की थीम पर काम करने का निर्णय लिया है।

यह कार्यक्रम जुंगेरा के बंजारी धाम प्रांगण स्थित विश्वकर्मा भवन में किया गया, साथ ही नव निर्मित देव शिल्पी जगत गुरु भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति का भी स्थापना किया गया। विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह विश्वकर्मा ने समाज के कुछ कमियों के बारे में कहा की शिक्षा की कमी के कारण ही समाज आगे नहीं बढ़ पा रहा है, व्यापार और हुनर आपके हाथों में है, विश्वकर्मा वंशी आरंभ से ही इंजीनियर होते है, अब उसे निखारने व उसे आधुनिक समय के अनुसार पैना करने की आव"यकता है। प्रवक्ता विकास नारायण ने कहा कि समाज में लड़कियों में अधिक पढ़ाई कर लेने से लड़कों को शादी ब्याह में बड़ी परेशानी हो रही है, अब बेटा पढ़ाओ और बेटा बचाव की थीम पर समाज के लड़कों और लड़कियों को आगे बढ़ना चाहिए।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद भैया राम सिन्हा थे, अध्यक्ष जिला कांग्रेस बालोद चंद्रेश हिरवानी, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस नरेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि बालोद कमलेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष झरिया लोहार समाज छत्तीसगढ़ धनीराम विश्वकर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत जुंगेरा नीलम कोठारी, ग्रामीण अध्यक्ष हरक राम साहू, बंजारी धाम ट्रस्ट सुरेश कुमार साहू, संरक्षक राम जी विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष धन्ना राम विश्वकर्मा, बलिराम विश्वकर्मा, सोहनलाल विश्वकर्मा, सहसचिव उमेश विश्वकर्मा, प्रवक्ता विकास नारायण विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी ढालू विश्वकर्मा, कोष अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, सदस्य गण राम सिंह, डालू राम खेमराज, राजकुमार, आत्माराम, हीरालाल, मनोहर पशुराम युवा अध्यक्ष रुद्रेश्वर, चिंतामणि, शिवबालक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष माधुरी विश्वकर्मा, सभी ब्लॉक अध्यक्ष परशुराम, लीलाधर, राजकुमार, निहाल, धनेश, समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारी गण एवं समस्त विश्वकर्मा समाज उपस्थित थे।

# गोडेला-अर्जुंदा मार्ग बदहाल आवागमन में भारी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- दुर्घटना की आशंका, ग्रामीणों ने मरम्मत की मांग की

बालोद ब्लॉक के गुण्डरदेही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोडेला से अर्जुंदा होते हुए सीधे बालोद–राजनांदगांव मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली सड़क इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान अपनी उपज मंडी तक ले जाने, छात्र-छात्राएं स्कूल एवं कॉलेज आने-जाने तथा मरीज अस्पताल पहुंचने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। लेकिन जगह-जगह बड़े गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर और क्षतिग्रस्त किनारों के कारण आवागमन जोखिम भरा हो गया है। गड्ढों और टूटी सतह की वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं प्रदेश में वर्तमान में भाजपा की सरकार है। ऐसे में ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### निकता मिलिंद महामंत्री नियुक्त, जताया आभार

**दुर्ग।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कांग्रेस नेत्री निकिता मिलिंद को महामंत्री पद जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर नवनियुक्त महामंत्री निकिता मिलिंद ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का हृदय से आभार, जिन्होंने मुझे महामंत्री के रूप में संगठन की सेवा का अवसर दिया। उन्होंने आभार व्यक्त कहा कि यह पद सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने एवं कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने उनका प्रयास जारी रहेगा।

### चंचल यादव को योजना प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी

**दुर्ग।** बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने चंचल यादव सेलूद को योजना प्रचार-प्रसार प्रमुख नियुक्ति किया है। उनकी



नियुक्ति बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू निर्देश पर जिला अध्यक्ष लेखन सिन्हा ने की है। चंचल यादव को जिला कार्यसमिति में जिला योजना प्रचार प्रसार प्रमुख बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### जैन के निधन के बाद किया नेत्रदान

**दुर्ग।** नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से दुर्ग के मधुबन नगर निवासी स्व. दिनेश कुमार जैन के निधन उपरांत उनके नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्रज्योति प्राप्त होगी। यह जैन परिवार की संवेदनशीलता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। दिनेश कुमार जैन के निधन के पश्चात उनकी धर्मपत्नी बबिता जैन, पिता शांतिलाल गोधा, पुत्र साहिल जैन, डॉ. राहिल जैन, पुत्री खुशबू जैन तथा भाई राजेश, राकेश एवं पूनम जैन की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, चेतन जैन आदि मौजूद रहे।

### 28 युवा कर्मचारियों ने ली इंटक की सदस्यता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के 28 युवा कर्मचारियों ने स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक यूनियन की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। कर्मियों ने कहा कि यूनियन द्वारा वेतन विसंगतियों, पदोन्नति व ठेका श्रमिकों के पेंशन आदि मुद्दों पर किए जा रहे प्रयासों ने उन्हें संगठन से जुड़ने प्रेरित किया । सदस्य बनने वाले कर्मचारियों में कोकोवन विभाग शैलेन्द्र कुमार चौधरी, मिराज अकरम, देवानंद साहू, जेम्स एन., रोहित कुमार ठाकुर, खिलेंद्र कुमार, हेमराज मीणा, रिज़ूरुस टोप्पो, हेमचंद टिकरिया, देव कुमार ध्रुव, जीवनलाल, कमल नारायण ध्रुव, रवि शंकर प्रसाद, ब्लास्ट फर्नेस विभाग से कमलेश, नेताम, लक्ष्मी प्रसाद ध्रुव, ईआरएस केर एस मलवासा, शैलेन्द्र कुमार मालबंर,ओएचपी -दुर्गेश कुमार गोड़, भास्कर राव, विवेक मरकाम, सुनील कुमार साएसएमएस 2 से वेदराम सिंह, उदय राम साहू,एसएमएस–3 विभाग से दिलीप कुमार ठाकुर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर,बीआरएम नवल किशोर साहू,आरटीएस विभाग सेएम. नच्मैया शामिल हैं।

# सड़क हादसे रोकने हाईवे पर रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाइटें लगेंगी

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार विभागीय अधिकारियों को रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीएसपी के अधिकारियों को उतई बायपास रोड के लिए आवश्यक जमीन संबंधी एनओसी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिले में चिन्हित ग्रे-स्पॉट के संबंध में एएसपी यातायात को संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों को चिन्हित क्षेत्रों में सर्विस लेन निर्माण के लिए जमीने उपलब्ध कराने कहा। एएसपी ने चौक-चौराहों एवं व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर जोर देते हुए विभागीय अधिकारियों को इस हेतु हरसंभव आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।




### विभागीय कार्रवाई की दी जानकारी

बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा की गई, जिसमें अधिकारियों ने पूर्ण कार्य, अद्यतन प्रगति एवं की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी दी। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में एएसपी यातायात सुश्री ऋचा मिश्रा, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम भिलाई-03 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, आरटीओ एसएल लकड़ा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य, तहसीलदार प्रभुल्ल गुप्ता, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे सहित एनएचएआई एवं एनएचआई, पुलिस विभाग और बीएसपी के अधिकारी उपस्थित थे।

## भागीरथी और जल आवर्धन योजना के तहत बिछाई गई है पाइपलाइन

# लक्ष्मीनगर में भीषण जल संकट, सालों से बने हुए हैं ऐसे ही हालात, जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

## गर्मी आते ही बढ़ने लगी पानी की डिमांड, गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर में विकास के दावे किए जाते हैं, योजनाओं पर लाखों रुपए खर्च होते हैं, लेकिन जब नल सूखे रह जाएं तो सवाल उठना तय है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के लक्ष्मीनगर वार्ड 10 में यही हकीकत है। यहां पाइपलाइन तो बिछी है, घरों के सामने दो-दो लाइनें बिछी हुई हैं, लेकिन पानी आज तक नियमित रूप से नहीं पहुंचा।

लक्ष्मीनगर वार्ड में कई इलाकों में रहवासी कई सालों से पेयजल संकट झेल रहे हैं। जबकि इस वार्ड में भागीरथी नल जल योजना और जल आवर्धन योजना के तहत लाखों रुपए खर्च कर दो-दो बार पाइप लाइन बिछाई गई है। यहां के लोग आज भी पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। कुछ इलाकों में टैंकर ही लोगों का एक मात्र सहारा है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। नगर निगम और जनप्रतिनिधि से सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहा। यहां सिर्फ गर्मी के दिनों में ही नहीं, साल भर यही स्थिति रहती है।




### पाइपलाइन बेकार, बोर ही सहारा

लक्ष्मीनगर वार्ड 10 में पानी की समस्या रोज की जद्दोजहद बन चुकी है। पार्षद द्वारा पूरे वार्ड में करीब पांच बोर के जरिए लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इतने बड़े वार्ड के लिए यह व्यवस्था लोगों को नाकाफी लग रही है। राउत पारा, पार्षद कार्यालय के पास, इस्लाम नगर और रविदास नगर जैसे इलाकों में लगे बोर से पानी लिया जाता है। जैसे ही मोटर चालू होती है, लोग अपने-अपने घरों से बाल्टी, डिब्बा और ड्रम लेकर पहुंच जाते हैं। आधे घंटे में जितना भर सके, वही दिनभर के लिए सहारा बनता है। वहीं मटन मार्केट के पास, 33 नंबर बोरिंग क्षेत्र, प्रियदर्शनी स्कूल गली और आदर्श पारा इलाके में सालों से टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है।

### एक-दो बूंद टपकने के बाद सप्लाई बंद

लक्ष्मीनगर दुर्गा पारा निवासी रानी चौहान ने बताया कि उनके घर के बाहर दो-दो पाइपलाइन बिछी है, लेकिन पानी नाम मात्र आता है। एक-दो बूंद टपकने के बाद सप्लाई बंद हो जाती है। उनका कहना है कि उनकी गली में टैंकर भी नहीं आता। सालों से लोग पानी के लिए परेशान हैं। मजबूरी में कई परिवार अपने घरों में बोर करवा रहे हैं, लेकिन जिनके पास यह सुविधा नहीं है, वे आज भी नल में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं।



### न टैंकर, न सप्लाई, हैंडपंप भी खराब

दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले राजू तांडी ने बताया कि जब घरों के सामने दो-दो पाइपलाइन बिछाई गई, तो लोगों को लगा अब पानी की समस्या खत्म हो जाएगी, लेकिन हकीकत अलग निकली। पाइपलाइन से कभी नियमित पानी आया ही नहीं। राजू तांडी का कहना है कि इस इलाके में टैंकर भी नहीं आता। ऐसे में लोगों का एकमात्र सहारा मंदिर के सामने लगा हैंडपंप था, लेकिन वह भी पिछले एक महीने से खराब पड़ा है। नतीजा यह है कि रहवासियों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है।



### 16.17 करोड़ रुपए से ओवरहेड टंकी तैयार

लंबे समय से जल संकट झेल रहे लक्ष्मीनगर वार्ड 10 के लिए अब एक नई उम्मीद जगी है। भिलाई जलापूर्ति योजना के विस्तार के तहत वार्ड 10 के ठीक सामने वार्ड 16 में 2 करोड़ 17 लाख 48 हजार रुपए की लागत से ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी को पाइपलाइन से भी जोड़ दिया गया है। इस नई व्यवस्था के जरिए वार्ड 10, वार्ड 16 और वार्ड 17 में पानी की सप्लाई की जानी है। योजना के मुताबिक, टंकी से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का दावा किया गया है। वर्षों से टैंकर और बोर के सहारे जीवन गुजार रहे लोगों को अब उम्मीद है कि उनके घरों के बाहर लगे नलों में जल्द पानी आने लगेगा, लेकिन पता नहीं कब।

### वर्षों से है पानी की समस्या

इस वार्ड में वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई है। मैंने पार्षद निधि से कई बोर और पंप लगाए हैं जिससे लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चर्चा कर पानी टंकी की मांग की गई थी। टंकी का निर्माण पूरा हो गया है। उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में लोगों को प्रेशर में पानी मिलने लगेगा। इससे वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी।-**चन्द्रशेखर गवई,** पार्षद वार्ड 10, लक्ष्मीनगर भिलाई

# जिला अस्पताल में कार्डिक न्यूरोलॉजी और रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ करने की सीएम से मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला अस्पताल दुर्ग लंबे समय से विशेषज्ञों चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। इस समस्या को लेकर जीवनदीप समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने कहा कि जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड और 1000 प्लस मरीजों की चिकित्सा सेवा संचालित है। अस्पताल में स्थानीय क्षेत्र के अलावा अन्य जिले के मरीज पहुंचते हैं। उस हॉस्पिटल में महत्वपूर्ण रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक कार्डिक, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, डर्मेटोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट का अभाव है। पर्याप्त संख्या में वार्ड ब्वाय, सिस्टर, ड्रेसर, वाहन चालक, रेडियोग्राफर कर्मी नहीं है। इससे चिकित्सा सेवा प्रभावित होती है।

वर्तमान में जो चिकित्सक एवं कार्मिक सेवा रत हैं, वो पुराने सेटअप में कार्यरत हैं। इस प्रतिकूल वातावरण के फलस्वरूप रेफर केस की संख्या बढ़ रही है। ट्रामा सेंटर संचालन से कई बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। पीड़ित मरीजों को राहत मिल सकेगी। उक्त समस्याओं का निराकरण आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने इस समस्याओं को लेकर व्यापक प्रयास का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने वालों में आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, सीताराम ठाकुर, नीलकंठ गढ़े शामिल थे। मुख्यमंत्री ने आवेदन को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर को प्रेषित किया है।

### विकास कार्यों के लिए 8 लाख रुपए की स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के दो विकास कार्यों के लिए 8 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कपसदा में दरी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु और इसी ग्राम पंचायत में बधानी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु 04-04 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित, मंडल अध्यक्ष भी किए तय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर ने महिला मोर्चा दुर्ग के जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है।

उपाध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, चंद्रिका साहू, निशा सोनी, झरना वर्मा, रीना नैयर, महामंत्री डॉ. भारती साहू, ममता राव, मंत्री किरण मिश्रा, चंपा साहू, रीता पांडेय, डॉ. गुंजा पिंचा, संध्या साहू, करुणा कुठारे, कोषाध्यक्ष चंचल जैन, सह कोषाध्यक्ष सरिता चंद्राकर, कार्यालय मंत्री प्रीति साहू, सह कार्यालय मंत्री किरण यादव, मीडिया प्रभारी सविता साहू, सह मीडिया प्रभारी श्वेता बक्शी, सोशल मीडिया प्रभारी शशि रायजयादा, सह मीडिया सोनिया मिश्रा, आईटी सेल प्रभारी अन्नु सिंह,सह प्रभारी स्मिता रघाटटे, जिला समन्वय स्वा सहायता समूह कुमारी टोंड्रे, मन की



बात प्रभारी अनिता कुलश्रेष्ठ, सह प्रभारी उषा साहू, कार्य समिति सदस्य ज्योति यादव, दामिनी देशमुख,पूनम पटेल, संगीता वर्मा, रेवती सोनकर, हेमा जग्गी शर्मा, अनसूईया साहू, कुमारी साहू, लक्ष्मी देवांगन, संतोषी ठाकुर, विद्या देवी, माला सिंह, प्रीति चंद्राकर, ममता साहू (धनोरा), रेणुका सिंह, रुक्मणि साहू, मंजू लता तिवारी, पूर्णिमा धीवर, नेमबती साहू, अनुपमा गोस्वामी, कालिंद्री साहू, सुधा राठोर, प्रीति गुप्ता, जया पिल्ले, मंडल अध्यक्ष सदर गौरव पथ श्वेता कनौजिया, चंडी शीतला दिनेश्वरी तुरकर मध्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय संजू शर्मा, सिकोला भाटा पटरी पार अंजू तिवारी, कसारीडीह बोरसी आशा सुमन वर्मा, अंजोरा रामकली साहू, अंडा निकुम हेमलता देशमुख, मरोदा पुरैना शिखा तिवारी, रिसाली शकुंतला दास, कुम्हारी जूली सिंह, पाटन उनिका वर्मा, अमलेश्वर मधुकांता साहू, जामगांव आर गायत्री यादव, दरबार मोखली सविता साहू, धमधा श्वेता शर्मा बोरी लिटिया पूर्णिमा साहू बनाई गई हैं।

### पद्मश्री शमशाद बेगम का सम्मान



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम लैगिंक समानता के राजदूत के रूप में संकाय सदस्यों का उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम की गरिमामय उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका सम्मान किया गया। पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा-कि महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं किन्तु आज भी उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता है, उन्होंने समाज में नारियों को सम्मान दिलाने के लिए महिला कमांडो की स्थापना की। जो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्रमेंसक्रिय होकर कार्य कर रही है।

# 24 लाख से संवरा रायपुर नाका मुक्तिधाम सामाजिक भवन का भी किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पटरीपार क्षेत्र में 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामाजिक भवन तथा रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम में 24.27 लाख रुपये की लागत से कराए गए सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्यों का गरिमामय समारोह में लोकार्पण किया गया। यह कार्य क्षेत्रवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित सुविधा के रूप में सामने आया है। अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में सामाजिक भवन का शुभारंभ कर उसे जनता को समर्पित किया। महापौर ने कहा कि नागरिकों की मांग के अनुरूप मुक्तिधाम से अलग सामाजिक भवन का निर्माण कराया गया है, ताकि विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सके।

- पटरीपार क्षेत्र में 25 लाख से बनाया गया भवन

इस अवसर पर लोक कार्य प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, पार्षद विद्यावती सिंह, सुरूचि उमरे, रंजीता पाटिल, नीरा खिचरिया, सावित्री दमाहे, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, उपअभियंता पंकज साहू, मण्डल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।



### 25 लाख से निर्मित सामाजिक भवन बना नई सौगात

पटरीपार वार्ड क्रमांक 60 में निर्मित सामाजिक भवन में बर्थडे पार्टी, तेरहवीं, पारिवारिक कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक आयोजन सुगमता से किए जा सकेंगे। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि यह भवन सभी वर्गों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम में 24.27 लाख रुपये की लागत से सर्व-सुविधायुक्त कक्ष, पूरे परिसर में पेवर ब्लॉक, मजबूत बाउंड्रीवॉल तथा लाइट, शेड सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का उन्नयन कार्य कराया गया है।

# स्कूली बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में आधार कार्ड के सुदृढ़ीकरण और बच्चों के डेटा अपडेशन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट मेन्डेटरी बायोमेट्रिक अपडेट एमबीयू अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में जिले में कुल 23,905 मामले लंबित हैं, जिन्हें समय सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले चार महीनों से विभिन्न स्कूलों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अब तक 50,000 से अधिक बच्चों का सफलतापूर्वक बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। इस अभियान की समग्र प्रगति आकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक जिले में कुल 1,549 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से 52,742 बच्चों का अनिवार्य बायaोमेट्रिक अपडेट एमबीयू पूर्ण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 495 नए आधार कार्ड बनाए गए हैं और 7,047 अन्य आधार सुधार अदर अपडेशन के कार्य भी किए गए हैं। फरवरी माह की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, 16 फरवरी 2026 से पुनः शुरू हुए विशेष शिविरों के जरिए अब तक 4,871 बच्चों का एमबीयू और 339 बच्चों का आधार अपडेट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा 31 मार्च तक जिले के कुल 410 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में शिविर लगाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जा रही है, किंतु भविष्य में इस प्रक्रिया के लिए शुल्क निर्धारित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि आधार नियमों के अनुसार, प्रत्येक बच्चे को दो बार बायोमेट्रिक अपडेट कराना आवश्यक होता है ।



## शिक्षा मंत्री यादव भी आयोजन में हुए शामिल

# कर्मचारी नगर में बना डोमशेड, हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विधानसभा क्षेत्र दुर्ग के वार्ड 16 कर्मचारी नगर में रविवार को नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। यह डोमशेड केबिनेट केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की विधायक निधि से निर्मित किया गया है। नवनिर्मित डोमशेड के निर्माण से कर्मचारी नगर के नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सकेगा। लंबे समय से क्षेत्रवासी ऐसे सार्वजनिक स्थल की मांग कर रहे थे, जिसे अब साकार रूप मिला है। डोमशेड बनने से अब धूप, वर्षा अथवा अन्य मौसमी बाधाएं किसी भी कार्यक्रम में व्यवधान नहीं बनेंगी और विभिन्न आयोजन सहज रूप से संपन्न किए जा सकेंगे।गजेन्द्र यादव ने कहा कि जनसुविधाओं का विस्तार और मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी नगर सहित पूरे दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति से किए जा रहे हैं और आगे भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएँ लागू की जाती रहेंगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

- विधायक निधि से बनाया गया है डोमशेड

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, कौशल साहू, पार्षद खिलावन मटियारा, देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### जिला आउटरीच कार्यक्रम में किया जागरूक

**भिलाई।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा दुर्ग जिले के लिए पुनर्संरचित निधि आपके निकट (एनएएन) कार्यक्रम शिविर बीएसपी के मानव संसाधन-एल एंड डी सेंटर में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से हितग्राहियों की शिकायतों का स्थल पर ही निराकरण किया गया। सदस्यों व पेंशनरों को ईपीएफओ की विभिन्न योजनाओं, ऑनलाइन सेवाओं, यूएएन सक्रियण, केवाईसी अद्यतन, पेंशन प्रावधानों एवं ऑनलाइन क्लेम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। ईपीएफओ के अधिकारी प्रियरंजन सिन्हा व दौलत राम साहू ने पेंशनरों की समस्याओं का समाधान किया।

### आकृति बनी चार्टर्ड एकाउंटेंट

**भिलाई।** द इंस्टीट्यूट चार्टर्ड एसोशिएशन ऑफ इंडिया ने जनवरी 2026 में आयोजित सी ए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है दुर्ग शहर की आकृति बंछोर चार्टर्ड एकाउंटेंट बन गई हैं। आकृति के पिता का कोरोना कॉल में देहावसान हो गया था लेकिन उसने हौसला नहीं खोया। मां श्रीमती किरण बंछोर गृहिणी होते हुए भी बेटी को उनकी लगन को देखते हुए सीए बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ी और आज उनकी तपस्या सफ़ल हो गई। आकृति को उनकी सफलता पर भूषण लाल वर्मा,एच एस वर्मा शिक्षा विद, बी के वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, प्रभाकर वर्मा, तुकेंद्र वर्मा, वेद वर्मा रोशन वर्मा अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज नगर इकाई दुर्ग, खूबचंद वर्मा, राकेश धुरंधर आदि ने मिलकर शुभकामनाएं दी।

### एसएमएस-2 में वेडिंग गिफ्ट सम्मान समारोह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–2 में वेडिंग गिफ्ट सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक शांतनु देब सिकदार थे। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली, गुणवत्ता मानकों के पालन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट इलुका निखिल एवं जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रेड्डी रामामूर्ति नायडु को संयंत्र की ओर से वेडिंग गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सहायक महाप्रबंधक एनपी टोप्पोसीजीएमसचिवालय के प्रतिनिधि संजीव सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सिकंदर इंदोरिया द्वारा किया गया।

## निधन

### देहुती देवी साहू

**बालोद/निकुम।** ग्राम खुरसुनी निवासी भूतपूर्व सरपंच 80 वर्षीय देहुती देवी साहू का निधन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम ख़ुरसुनी मुक्ति धाम में किया गया, वह बालोद जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा व जितेंद्र सोनवर्षा की मां थी।



// न्यायालय नायब तहसीलदार बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)//

// उपस्थिति हेतु समंस //

रा.प्र.क्र. 202407232400006 /अ-27 / वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण गंगूराम पिता चोवाराम साहू एवं अन्य 04 निवासी ग्राम सिंगदेही तहसील बेरला जिला–बेमेतरा के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम सिंगदेही प.ह.नं. 33 तहसील बेरला, जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित भूमि ख.न. क्रमशः 48, 53, 56, 71, 452, 847, 848, 859, 1008 रकबा क्रमशः 0.31, 0.06, 0.03, 0.15, 0.07, 0.04, 0.04, 0.06, 0.18 हे. कुल ख.नं. 09 कुल रकबा 0.94 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। उक्त वाद भूमि को 1/5, 1/5 हिस्सा करते हुए खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, तलवाना फार्म पेश किया गया है।

इस संबंध में पेशी दिनांक 23/3/2026 को अनावेदिकागण सहखातेदार भूमिस्वामी नीतू पिता लेखूराम साहू पति राकेश साहू निवासी वार्ड नं. 19 बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा छ.ग. एवं रीतू पिता लेखूराम साहू पति योगेश साहू निवासी ग्राम कुम्ही तहसील भिभौरी जिला बेमेतरा छ.ग. तथा माधुरी पिता लेखूराम साहू निवासी ग्राम कुसमी तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. की उपस्थिति हेतु नियत किया गया है। आज दिनांक 11/02/2026 को इस न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया।

तहसीलदार
बेरला, जिला-बेमेतरा

# होली पर 73 पुलिस पेट्रोलिंग और 30 बाज बाइक पार्टी करेगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की तैनाती**

होली पर्व को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने 73 पेट्रोलिंग पार्टियों, 10 अनुविभाग में विभाजित कर की जा रही है। शांति व्यवस्था एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध के लिए 900 की संख्या में लगाया गया है। 139 महत्वपूर्ण स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध के लिए लगाया गया। 25 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी पाइंट लगाकर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई, पुलिस बल को 2 फरवरी की सुबह कंट्रोल में 12 बजे ब्रीफिंग, फ्लैग मार्च भी निकाली जाएगी। जिला दुर्ग पुलिस द्वारा शहरी क्षेत्र के लिए प्रभारी एएसपी शहर के मार्गदर्शन में सीएसपी दुर्ग में थाना दुर्ग, मोहननगर, पद्मनाभपुर एएसपी ग्रामीण के निर्देशन में थाना पुलगांव, चौकी अंजोरा, नगपुरा, जेवरा सिरसा डीएसपी ,सजेपीयू के निर्देशन में थाना भिलाईनगर, भिलाईभट्ठी, नेवई, सीएसपी भिलाईनगर में थाना सुपेला, वैशालीनगर चौकी स्मृति नगर, सीएसपी छावनी के निर्देशन में छावनी, खुर्सीपार, जामुल डीएसपी क्राइम के निर्देशन में थाना पुरानी भिलाई, कुम्हारी एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू पर एसडीओपी पाटन में थाना पाटन, रानीतराई, जामगांव-आर, अमलेश्वर डीएसपी जिविशा के थाना अण्डा, उतई, चैकी मचांदुर, एसडीओपी धमधा में थाना धमधा, बोरी, चौकी लिटिया सेमरिया डीएसपी अजाक में थाना नंदिनी की सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है।




### फिक्स प्वाइंट भी लगाए गए हैं

होली पर्व में शहर, नगर के अंदरूनी इलाकों, गलियों, बस्तियों में भी सतत निगरानी रखने। सुरक्षा प्रबंध के लिए 30 बाज बाइक पार्टी का निर्माण किया। बाज पार्टी द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र की अंदरूनी गलियों, चौक चैराहों में भी लगातार बाइक पेट्रोलिंग का समुचित सुरक्षा प्रबंध किया जाएगा। जिले में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने और लगातार चेकिंग अभियान के लिए 139 महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन कर फिक्स प्वाईंट के रूप में पुलिस बल लगाया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए 900 का पुलिस बल लगाया गया है।

## बीएसपी में ठेका मजदूर सामाजिक सुरक्षा और वेतन निर्धारण समझौता से वंचित

# वेतन समझौता निर्धारण नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे हजारों मजदूर

**यूनियनों ने की एस 11 ग्रेड के कर्मी के बराबर वेतन देने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर क्राइसेस का खामियाजा हजारों ठेका मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। काम का दबाव बढ़ने के साथ वेतन नहीं बढ़ने से श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक वेतन से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक प्रबंधन और ठेका कंपनियां उदासीन बनी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में 25 हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। पूरे सेल में करीबन एक लाख श्रमिक कार्यरत हैं। बीएसपी में लगातार मेन पावर कम होने की कीमत मजदूरों को चुकानी पड़ रही है। हर माह नियमित कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं लेकिन भर्ती नहीं होने से ठेका मजदूरों पर काम का दबाव बढ़ता जा रहा है। वर्क्स एरिया में कई अनुभागों में गिनती के नियमित कर्मचारी बचे हैं जिसके चलते ठेका मजदूरों पर प्रबंधन की निर्भरता बढ़ती जा रही है। लेकिन हजारों श्रमिकों वेतन और अन्य सुविधाओं को लेकर लोकल और उच्च प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।



### मजदूरों को नहीं मिलते बोनस और भत्ते

गौरतलब हो कि वर्ष 2018 में एनजेसीएस की सब कमेटी की बैठक में एनजेसीएस यूनियनों द्वारा बीएसपी सहित सेल के सभी ठेका मजदूरों के लिए भी वेतन समझौता निर्धारण की मांग की गई थी। इंटक के महासचिव संजय साहू ने बताया कि एनजेसीएस बैठक में वेतन समझौता को लेकर आश्वस्त किया गया था। इसमें एस -11 ग्रेड के कर्मचारी के बराबर वेतन और बोनस सहित अन्य भत्ते आदि सभी सुविधाओं की मांग की गई थी। लेकिन सालों बाद भी वेतन समझौता का निर्धारण नहीं किया गया है। वही यहां बीएसपी प्रबंधन मे मजदूरों को निर्धारित वेतन ठेकेदारों से नही दिलवा पा रहा है।

### नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन

प्रथम नियोक्ता होने के नाते बीएसपी ठेका कंपनियों पर न्यूनितम वेतन, बोनस और सुरक्षा उपकरणों को लेकर कोई दबाव नहीं बना पा रहा है। यूनियनों के मुताबिक एक तरफ तो अधिकतर मजदूरों को न्यूनतम वेतन नही मिल रहा है वहीं पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं मिलने से दुर्घटनाएं बढ़ रही है। पांच साल से नियमित कर्मियों की तरह मजदूरों के वेतन समझौता निर्धारण की मांग की जा रह है लेकिन सेल प्रबंधन निष्क्रय बना हुआ है। अकुशल, अर्धकुशल व कुशल श्रमिकों को तय वेतन से आधा वेतन ही दिया जा रहा है। वेतन पर्ची मांगे जाने पर ठेकेदार गेट पास छीन लेने की धमकी देते हैं। अल्प वेतन से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

## परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति की हुई वार्षिक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याक महोत्सव समिति की वार्षिक बैठक रानीतराई में शनिवार रात्रि को संपन्न हुई। जिसमें जामगांव आर, रानीतराई ओदरागहन सुरपा, बेलहारी, बटरेल के जैन श्री संघ सदस्य उपस्थित रहे।

सदस्यों ने आशीष राय सोनी का जन्म दिवस भी बैठक में मनाया। विदित हो कि इस समिति के सभी सदस्य भखारा राल जैन समाज के पश्चिमी क्षेत्र के गांव में निवासरत सदस्य है। सदस्यों ने विचार मंथन पश्चात समवेत स्वर कहा कि यदि भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव भखारा राल के बैनर तले आयोजित करने लगे तो भव्यता में चार चांद लग जाएगी और वरिष्ठ जनों का सपना पनपता भाईचारा भी सर्व दर्शी सामने आने लगेगा। भखारा राल जैन समाज पदाधिकारी यादमल गोलछा ने कहा कि मार्च में होने वाली बैठक में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव भखारा राल जैन समाज द्वारा मनाए जाने का प्रस्ताव सदस्य गण रख सकते है प्रस्ताव स्वीकृत होने पर निश्चित तौर पर आयोजन किया जा सकेगा।

युवा सदस्य निर्मल राय सोनी ने कहा कि भखारा राल समाज की वार्षिक बैठक प्रतिवर्ष होती है, यदि वार्षिक बैठक की तिथि महावीर जन्मोत्सव के दिवस पर रखा जाए तो एक अच्छी पहल हो सकती है और इस दिन राल परिवार के सभी सदस्य एक साथ भगवान की सामूहिक जयकारा लगा कर आने वाली पीढ़ी को संस्कार का तोहफा विरासत में दे सकते है। सदस्य प्रेमचंद चौरडिया ने कहा कि वार्षिक बैठक महावीर जन्मोत्सव दिवस पर मनाने से खर्च कम और पूरा परिवार को शामिल होकर आनंद आएगा।

### राम को सौंपा नियुक्ति पत्र

**भिलाई।** दुर्ग राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष गण एवम जिला पदाधिकारीयो को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस दौरान नए नियुक्त महामंत्री राम सूर्यवंशी को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। श्री सूर्यवंशी ने कहा जिस विश्वास और भरोसा से जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसे इमानदारी के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया है। राम सूर्यवंशी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्ष राकेश ठाकुर का आभार माना है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में फूलों की होली खेलकर, सौहार्द्र व भाईचारे का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में फूलों की होली मनाई गई।

- रासायनिक रंगों से बचने की अपील, योग आयोग अध्यक्ष ने खेली फूलों की होली

समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, सदस्य डॉ गुलाब साहू, नीरज सिन्हा लोकेश सिन्हा, हेमंत कुमार, सेजस बेलहरी पूर्व प्राचार्य वाईके साहू, भाजपा नेत्री भानुप्रिया साहू, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, प्राचार्य पीएल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, प्रधानाचार्य कौशल जांगड़े, कैलाश कुमार, संतोष साहू मंचासिन रहे। विद्यालय के आचार्य दीदियों ने भी खेले फूलों की होली। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि होली भाई चारा का संदेश देने सदियों से विरासत दर विरासत चलते आ रही है, ऐसा कोई भी कृत्य ना करे जिससे आपके द्वारा किसी को नुकसान पहुंचे।





घातक रंग गुलाल से बचे फूलों की होली खेल बड़ा मन भावन है कल रायपुर के सया जी होटल में हुआ उसका लघु स्वरूप सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में अल्प सूचना में झलकने लगी है। इस अवसर पर योग आयोग की ओर से उपस्थित सभी लोगों को टी शर्ट वितरण किया गया। संचालन डॉ गुलाब साहू एवं आभार वाईके साहू ने किया।

### सभी कर्मचारी हस्ताक्षर हिंदी में करें : कृष्ण कुमार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वेलफेयर बिल्डिंग क्रमांक 1 के विद्युत संगठन के सभागार में राजभाषा कार्यशाला हुई। मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्णकुमार के मुख्य आतिथ्य व महाप्रबंधक प्रकाश अध्यक्ष थे। विभागीय प्रतिवेदन हिंदी समन्वय अधिकारी रंजन कुमार पंडा ने पढ़ा। हिंदी भाषा में मुहावरों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार विजेता हुलास राम सिरमौर, महाप्रबंधक द्वितीय पुरस्कार विजेता, रवीन्द्र कुमार महाप्रबंधक तथा तृतीय स्थान पर चुनेश्वर नायक सहायक प्रबंधक को मिला।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ग्राम पीपरछेड़ी में शिव बाबा की जयंती मनाई गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर ग्राम पीपरछेड़ी में 1 मार्च को आध्यात्मिक ज्ञान मंच का आयोजन किया गया। जिसमें शिव बाबा के 90 वर्ष पूर्ण होने की जयंती मनाई गई।

मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी सरस्वती एवं विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच सुनीति साहू, चिदाकाश आर्य, गायत्री परिवार कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सिन्हा, अनुराधा, उमेंद भाई उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी सरस्वती ने कहा कि शिव ही परमात्मा है और हम सभी आत्मा उनके अंश है, अपने को जानना ही सबसे बड़ी ज्ञान है, अज्ञान के कारण ही मनुष्य दुरूखी, परेशान, चिंतित रहता है, जीवन में आनंद व शांति नहीं मिल पाती। इसके लिए आत्मज्ञान आध्यात्मिक प्रशिक्षण की जरूरत पड़ती है, विशेष अतिथि राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए साधना करनी पड़ती है, भगवान शिव खुद आत्मकल्याण व विश्व कल्याण हेतु हमेशा एकांत हिमालय में साधनारत रहते हैं, उनके सिर से हर पल ज्ञानगंगा प्रवाहित होती रहती है, चंद्रमा की शीतल प्रकाश उनके भक्त को मिलते रहते हैं, तृतीय नेत्र रूपी विवेक जागृत रहती है, शिव के साधक को अपने जीवन चर्या में सत्य को धारण करना चाहिए इसी से शिव हमारे जीवन को सुंदर आनंदमय बनाते हैं। कार्यक्रम में बालिकाओं ने आध्यात्मिक प्रेरणादायक संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी चुन्नी ने सभी अतिथियों, दर्शकों ग्रामवासियों का आभार व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के गोपी भाई ने किया।

## हाउस लीज समिति ने रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने बढ़ाया दबाव

**भिलाई।** रिटेंशन स्कीम को यथावत रखे जाने के लिए रिटेंशधारियों ने दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। हाउस लीज संघर्ष समिति ने तालुपरी कालोनी में आवास हस्तांतरण देरी की वजह रिटेंशन स्कीम को बताने के कदम का विरोध करते हुए रिटेंशन स्कीम को यथावत रखे जाने की मांग की है। रिटेंशन स्कीम से सैकड़ों रिटायर आवासधारी प्रभावित हो रहे हैं।

हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की सेक्टर 2 में हुई बैठक में प्रबंधन के स्कीम को बंद किए जाने का विरोध किया गया। बैठक में वक्ताओं ने प्रबंधन के उस बयान को भ्रामक बताया जिसमें तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी के आवास हस्तांतरण में हो रहे देरी के कारण रिटेंशन स्कीम को लागू करने के कारण के तौर पर बताया गया है। जबकि वास्तविकता या है कि प्रबंधन ने जिन पूर्व कार्मिकों की ग्रेच्युटी की राशि से हाउस लीज के नाम से 2 लाख राशि की रिकवरी अग्रिम के तौर पर रखी थी, उन्हें ही रिटेंशन स्कीम में मर्ज कर दिया गया। इसके कारण सेल बोर्ड में हाउस लीज योजना को पुनः लागू में पूर्व नियमितीकरण की कार्यवाही में देरी होना ही था।

ज्ञात हो पिछले विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नियमितीकरण को नगर निगम एक्ट से होने की जानकारी लिखित में विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव के प्रश्न में जवाब में दिया है। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने सन 2017 में भी भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को पत्र प्रेषित किया था। प्रबंधन की अक्षमता से शहर का भविष्य अनिश्चितताओं से भर गया है। आज सभी ने रिटेंशन स्कीम को पूरा यथावत लागू करने की मांग की। आज की बैठक में पर पी.आर.वर्मा, राजेंद्र शर्मा, रमेश पाल, नागेश्वर राव, एच.एल.चंद्रवंशी, सुरेंद्र मोहती सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे । बैठक का संचालन चौरसिया सर ने किया।

## पेज 9 का शेष

### सीईओ जिपं ने की समीक्षा ...

आयोजित होने की भी जानकारी दी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को 13 मार्च को ग्राम पोण्डी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चंद्रवंशी ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को कार्यालय में सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यालय में आने वाले लोगों से मुलाकात करने तथा कार्यालयीन नस्तियों के निराकरण एवं विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक गुरूवार एवं शुक्रवार को फील्ड विजिट कर जमीनी स्तर पर अपने–अपने विभागों के कार्यों की जानकारी लेने तथा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। चंद्रवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु वार्षिक कार्य योजना बनाकर 15 मार्च तक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में चंद्रवंशी ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को कार्यालय में पहुँचने के बाद सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से अपनी बायोमेट्रिक सुनिश्चित करने को कहा। चंद्रवंशी ने ग्रीष्म ऋतु के आगमन के मद्देनजर जिले के आम नागरिकों को समुचित मात्र में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को समय पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने को कहा।

### गोडेला-अर्जुंदा मार्ग ....

स्थानीय लोगों को अपने विधायक और प्रदेश सरकार दोनों से सड़क की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण को लेकर पहल की उम्मीद है। हालांकि अब तक इस संबंध में औपचारिक आवेदन नहीं दिया गया है, लेकिन ग्रामीणों में सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर चिंता साफ दिखाई दे रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग स्वयं संज्ञान लेकर जल्द से जल्द सड़क सुधार कार्य शुरू कराएं, ताकि आमजन को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके।

### तेज रफ्तार कार की ...

घायल मोटर सायकल सवार व्यक्ति व दोनों कार चालको को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया। जहां मोटर साइकिल चालक को गंभीर चोट लगने की जानकारी है तथा दोनों कार सवारो का एयरबेग खुल जाने से उन्हे मामूली चोटे आई है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की दी शुभकामनाएं



**अंडा।** छत्तीसगढ़ पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रंगों के महापर्व होली की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में श्री साहू ने कहा कि होली भारतीय परम्परा का प्रमुख पर्व है। गुलाल के ढेरों रंग, कई प्रकार के खान-पान और उल्लास, इस जीवंत और रंगीन पर्व के प्रतीक हैं। साथ ही होलिका दहन का पर्व हमें अधर्म, असत्य एवं अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की भी प्रेरणा देता है। श्री साहू ने कहा कि विविध रंगों और खुशियों से परिपूर्ण यह पर्व सम्पूर्ण समाज एवं छत्तीसगढ़ वासियों के लिए आनंद, खुशी और उल्लास का अग्रदूत बने।

## पेंशनधारी संघ का मासिक बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 मार्च को 11 बजे से किया गया है। अध्यक्ष पेंशन धारी कल्याण संघ आरएम. चावड़ा ने बताया होली मिलन कार्यक्रम फागगीत एवं रंग गुलाल के साथ किया जायेगा।

## आइसेक्ट का होली मिलन समारोह आयोजित



**गुण्डरदेही।** स्थानीय साहू सदन गुण्डरदेही में होली मिलन समारोह आइसेक्ट कंप्यूटर के छात्र–छात्रओं द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि साहित्यकार केशव राम साहू थे, अध्यक्षता समाज सेवी राजेंद्र कुमार साहू ने किया। विशेष अतिथि शिक्षाविद् वेद कुमार साहू उपस्थित हुए। छात्रें ने होली के रंग को देशभक्ति के रंग से जोड़कर पर्यावरण को सुरक्षित करने, जल बचाने एवं होली के प्रचलन में चल रही बुराइयों को त्यागने का संकल्प लिया। केशव राम साहू ने फागुन माह की महिमा का वर्णन कविता के माध्यम से करते हुए त्यौहार को एक दूसरों की खुशी बांटने का पर्व बताते हुए लोक कल्याण का कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## न्योता भोज कराया गया



**अंडा।** ग्राम अंडा 1 में सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के लिए खीर-पूरी बंता गया। ग्रामीणों ने प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण किया और दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखद और सफल जीवन की कामना की। इस मौके पर दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


**मांग**

संघ के प्रतिनिधिमंडल अपर कलेक्टर से लिपिक के अटैचमेंट को समाप्त की मांग की

# सर्वर डाउन होने से नहर निर्माण रूका, श्रमिक बिना काम किए लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी को सूचना दिए बगैर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेड़ी में पदस्थ लिपिक दीपेश साहू सहायक ग्रेड 2 को तत्काल कलेक्टर के आदेश का हवाला देकर कार्य मुक्त कर दिया, जिसके कारण पिपरछेड़ी डीडीओ से वेतन प्राप्त करने वाले स्कूल लिमोरा, बिरेतरा एवं पिपरछेड़ी के 43 कर्मचारियों का फरवरी माह का वेतन रुक गया, यहां तक कि जिस लिपिक को अटैच किया गया है। उसका भी वेतन नहीं मिला है। क्योंकि वही लिपिक वेतन बनाता था।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेड़ी में पदस्थ लिपिक दीपेश साहू सहायक ग्रेड 2 को कलेक्टर बालोद के 31 दिसंबर 2025 के आदेश के तहत जिला कार्यालय के खाद्य शाखा में आगामी आदेश पर्यंत कार्य करने हेतु आदेशित किया गया।

राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे एवं जिला सचिव गजेंद्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी से इस संबंध में चर्चा की। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि किसके आदेश के तहत उसे रिलीव किया गया है, मुझे जानकारी नहीं और रिलीव करने से पहले प्राचार्य को मुझे जानकारी देनी थी। इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में जब जिला खाद्य अधिकारी टीआर ठाकुर से फोन के माध्यम से चर्चा किया तो उन्होंने बताया कि संबंधित बाबू कार्यरत है, क्योंकि हमारे यहां बाबू की कमी है, इसलिए इन्हें यहां अटैच किया गया है।

राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे ने बताया कि अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी के कारण विभाग का लिपिक सीधे जिला कार्यालय के आदेश पर रिलीव हो जाता है और जिला शिक्षा अधिकारी को इसका पता ही नहीं चलता, जबकि कलेक्टर कार्यालय द्वारा दिए गए आदेश में प्रतिलिपि जिला शिक्षा अधिकारी को दिया गया है। इस संबंध में राज्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा से मुलाकात कर मांग किया कि उक्त लिपिक को उसके मूल कार्य स्थल पर तत्काल कार्य मुक्त किया जाए और वेतन हिंदू धर्म के पावन पर्व होली के पूर्व दिया जाए, जिस पर अपर कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी और लिपिक को वेतन बनाने निर्देशित किया।

संगठन ने मांग किया कि वेतन समय पर नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही किया जाए, संगठन ने मांग किया है कि भविष्य में बहुत आवश्यक होने पर ही शिक्षा विभाग से लिपिको का अटैचमेंट किया जाए, जिससे शाला की व्यवस्था, वेतन व्यवस्था बराबर बनी रहे, इस संबंध में राज्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही जिले के प्रभारी मंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर जिले भर में स्कूलों से हो रहे हैं। शिक्षकों के अटैचमेंट और लिपिको के अटैचमेंट को समाप्त कर उनके मूल शाला में वापस करने की मांग करने की तैयारी कर रहा है।

## विबी जी राम जी कार्य पहले दिन ही सर्वर ठप, मजदूरों को बिना काम लौटना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा में विबी जी राम जी योजना के तहत स्वीकृत समुदाय के लिए शाखा नहर निर्माण धोबनी खार से नाला कुसुमकसा तक कार्य के प्रथम दिवस कार्य में पहुंचे। लगभग 180 मजदूरों को कार्यस्थल पर चार घंटे बैठने के बाद बिना कार्य किए वापस लौटने पर शासन प्रशासन के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की शासन उक्त योजना के तहत ग्रामीणों को रोजगार नही देना चाहती इसलिए नित्यदिन नए नए नियम बना रही है।

ग्रामीण मजदूरों ने बताया की ग्राम पंचायत से मिली सूचना के अनुसार सुबह 6-7 बजे से कार्यस्थल पहुंच गए थे, विधिवत कार्य का भूमिपूजन किया गया। उसके बाद उक्त योजना के तहत कार्य में आए मजदूरों का आनलाइन फोटो अपलोड करना था किंतु एप नही खुलने से कार्य में आए मजदूरों का फोटो अपलोड नही हो पाया और मजदूरों को कार्यस्थल पर चार घंटे रुकने के बाद बिना कार्य किए वापस घर जाना पड़ा। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने भाजपा शासन पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्रामीणों को रोजगार ना दिए जाने का आरोप लगाते हुए कहा की उक्त योजना का नाम बदलकर 125 दिन रोजगार देने की बात भाषणों व कागजों में ही शोभा दे रही है, धरातल पर कुछ और है। कुसुमकसा के ग्रामीणों को उक्त वित्तीय वर्ष में आज पर्यंत 6-7 दिन का ही रोजगार शासन दे पाई है। ,ग्रामीणों को निर्धारित 125 दिन रोजगार ना देने पर उनको दिए गए रोजगार दिवस के अतिरिक्त दिवस की राशि उनके खाते में दिए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है। साथ ही फोटो अपलोड ना होने पर उस दिन की मजदूरी उपस्थित ग्रामीण को देने की मांग की है।

ग्रामीण मजदूरों ने बताया की पूर्व में दस मजदूरों का एक साथ फोटो खींचकर उपस्थिति दर्ज की जाती थी। अब नए नियम के तहत प्रत्येक मजदूर का एक एक करके फोटो अपलोड करना है। जिससे समय भी ज्यादा लगेगा और नेटवर्क नही मिलने से भी परेशानी होगी। इस अवसर पर मंजू बैस जनपद सदस्य, वेदबाईं पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, नितिन जैन उपसरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, पंचगण सहित ग्रामीण मजदूर उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों की चित्रकला, रंगोली व स्लोगन प्रतियोगिता हुई

## बड़भूम में तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला और संग्राहक सम्मेलन हुआ आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम बडभूम मे वन संरक्षण, ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में बडभूम, गुरुर एवं बालोद मे तेदूपत्ता शाख कर्तन कार्यशाला एवं संग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। तेदूपत्ता संग्राहकों को आग लगाकर पत्ते प्राप्त करने की परंपरागत पद्धति से हटाकर शाख कर्तन विधि के प्रति प्रशिक्षित किया गया। इससे बेहतर गुणवत्ता के तेंदूपत्ते प्राप्त होगे और वनाग्नि की घटनाओं मे कमी लाई जा सकेगी। प्रशिक्षण मे विभाग के द्वारा शाख कर्तन के बारे मे विशेषज्ञ शैफाली यादव वन ने जलवायु एवं जैव विविधता के बारे में संग्राहकों को जानकारी दी।

अनुभा द्विवेदी ने वन्यप्राणी संरक्षण एवं वनो को आग से बचाने व जंगली जानवरों से अपने फसलो की सुरक्षा पर किस प्रकार से सुरक्षित रखा जाए इस पर जानकारी साझा की। वन्य प्राणी संरक्षण अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं प्राइमरी स्कूल बडभूम के बच्चों ने प्रतियोगिता हेतु चित्रकला, रंगोली, स्लोगन, नारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, दितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रओं को वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल एवं अनुभा द्विवेदी के द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया। वन एवं जलवायु जैव विविधता तथा जंगलों के सुरक्षा हेतू नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सभी को सुरक्षात्मक जानकारी दी गई।

### विविध प्रशिक्षण दिया

बडभूम मे उपप्रबंधक संचालक एमएस डोंगरे ने बूटा कटाई की प्रक्रिया, औजारो का सही उपयोग, सुरक्षित संग्रहण और वैज्ञानिक शाख कर्तन, तकनीक पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा संग्राहकों को बताया कि यह विधि उत्पादन की गुणवत्ता बढाने के साथ जंगलो के प्राकृतिक संरचना और जैव विविधता की सुरक्षा में भी सहायक है। वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने शाख कर्तन संग्राहकों को बताया कि संग्राहक कार्ड, नए संग्राहकों के सर्वे और छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति और बीमा के बारे मे जानकारी दी।

## नगर के पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



■ होली पर शांति बनाए रखने प्रशासन की अपील

शुक्रवार शाम नगर के पुलिस थाना प्रांगण में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व एसडीएम शिवनाथ बघेल एवं थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम शिवनाथ बघेल ने आमजन से होली के दौरान शांति एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, इसलिए किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं कोई अपराध या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जबरदस्ती किसी पर रंग-गुलाल न लगाया जाए। शराब के नशे में हुड़दंग, गाली-गलौज या अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि होली के दिन पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन लगातार नगर में गश्त करती रहेगी। तेज गति से वाहन चलाने वालों एवं ऑयल पेंट व केमिकल युक्त रंगों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

समिति के सदस्यों ने नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात करने की मांग रखी, जिस पर थाना प्रभारी ने सहमति जताई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जामा मस्जिद बालोद में रमजान की रौनक, बच्चों ने भी रखे रोजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ बच्चों में दिखा रोजा रखने का खास उत्साह. इंतजामिया कमेटी ने संभाली इफ्तार की व्यवस्था



इन दिनों जामा मस्जिद बालोद में बड़े रोज़ेदार के साथ बच्चो ने भी रोजे रखे है, सोमवार को 12 वॉ रोज़ा के दौरान रोज़ेदार जामा मस्जिद परिसर में शाम के इफ्तार में सम्मिलित हो रहे है।

रमज़ानुल मुबारक के पहले रोज़े से अब तक इन्तेजामिया कमेटी के मुत्वल्ली शाहिद खान, नायब सदर हुसैन, बाबा भाई के सरपरस्ती में सईद तिगाला, हाजी अफजल रिज़वी, ईस्माईल खान, मजीद खान, अतहर बक्श, समीर खान, आदिल अमान, शेख गुलाम, गुलाम मोहियुद्दीन, आदिल गोरी, अल्ताफ तिगाला, जाबिर खान, इम्तियाज निर्बान, जहिर कुरैशी, जमीर खान, गोलू चौहान, याक़ूब खान,के अलावा कमेटी के ओहदेदार व नौजवान ने मिलकर रोज़ेदारो के इफ्तार प्रोग्राम इंतेज़ाम किया है। असर कि नमाज़ जैसे ही ख़त्म होती है, इफ्तार के इंतेज़ाम कि शुरुवात हो जाती है और रोज़ेदार के पास इफ्तार का प्लेट पहुँच जाता है और रोज़ेदार एक साथ ग्रुप में बैठकर इफ्तार में बेहतरीन गिज़ा नोज़ फरमाते हैं। मगरिब कि नमाज अदा करने के बाद लोग अपने अपने घर के लिए रवाना हो जाते है। वहीं जामा मस्जिद बालोद में नमाजियों के साथ छोटे बच्चों के रोज़ा रखने से मस्जिदों में रौनक आ गई हैं।

इस माह में छोटे बच्चों का उत्साह और इबादत के प्रति लगाव देखने को मिल रहा है। मो. अनस एवं मो. हसनैन वल्द सरफराज निर्बान व मो. दानिश वल्द वसीम तीगाला, मोहम्मद आकीफ सिद्दीकी वल्द मो अबरार सिद्दीक़ी, आहिल रज़ा, राहिल रज़ा वल्द सद्दाम रज़ा ये सभी छोटे बच्चे ने पूरे जोश और अकीदत के साथ रोजा रखे।

रात्रि में ईशा कि नमाज के बाद तरावीह कि नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शकील चिस्ती की जानिब से अदा की जा रही है। मस्जिद में नमाज़ी नमाज़ अदा कर रहें है। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी मो जुनैद कुरैशी ने दी है।

## ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ विधायक अनिला भेड़िया की उपस्थिति में दिखा उत्साह



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा द्वारा सोमवार 2 मार्च को संबलपुर स्थित विश्राम गृह में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं आत्मीय माहौल में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि भी शामिल हुए। समारोह की शुरुआत आपसी अभिवादन और गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देने के साथ हुई।

विधायक अनिला भेड़िया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी को होली पर्व की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है, जिसे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे समाज में सौहार्द और एकता का संदेश लेकर जाएं तथा आपसी मतभेदों को भुलाकर मिलजुल कर त्योहार मनाएं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक होली गीतों और रंगारंग माहौल के बीच विधायक अनिला भेड़िया एवं कार्यकर्ताओं ने होली गीतों पर ठुमके लगाकर समारोह में रंग जमा दिया। पूरे विश्राम गृह परिसर में उल्लास और उमंग का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजन, युवा कार्यकर्ता एवं महिला पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### जिला खेल अधिकारी कार्यालय अब संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित

**बालोद।** जिला खेल अधिकारी कार्यालय का संचालन संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 67 में किया जा रहा है। कार्यालय में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है।

डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने बताया कि पूर्व में उक्त कार्यालय का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में किया जा रहा था। जहां आधार बेस्ड बायोमेट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए जिला खेल अधिकारी कार्यालय का संचालन संयुक्त जिला कार्यालय में किया जा रहा है।

## लोहारा थाना पुलिस ने होली से पहले निकाला फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील



**डौंडीलोहारा।** होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लोहारा थाना पुलिस द्वारा सोमवार को नगर में पैदल पेट्रोलिंग कर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों, व्यापारियों एवं युवाओं को समझाइश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें।

थाना प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में पुलिस के जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था भंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना पर दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। नगरवासियों ने पुलिस के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है और त्योहार शांति एवं भाईचारे के साथ मनाया जा सकता है।





